Total No. of Printed Pages—11

**HS/XII/A/h/23**

**2 0 2 3**

## HINDI ( ELECTIVE )

*Full Marks* : 100

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

*General Instructions* :

(i) Write all the answers in the Answer Script.

(ii) Attempt Part—A (Objective Questions) serially.

(iii) Attempt all parts of a question together at one place.

( PART : A—OBJECTIVE )

( *Marks* : 50 )

**1.** पाठ्य-पुस्तक के आधार पर जो कथन सत्य है, उसके सामने 'सही' और जो गलत है, उसके सामने 'गलत' लिखिए (कोई **दस**) : 1×10=10

(क) देवसेना 'चंद्रगुप्त' नाटक की नायिका है।

(ख) आचार्य रामचंद्र शुक्ल के पिताजी फ़ारसी भाषा के अच्छे ज्ञाता थे।

(ग) 'गीत गाने दो मुझे' कविता निराशा से लड़ने की शक्ति देती है।

(घ) लेखक ने धर्म का रहस्य जानने के लिए 'घड़ी के पुर्जे' का दृष्टांत दिया है।

(ङ) अज्ञेय की कविता में व्यक्ति की स्वतंत्रता का आग्रह है और बौद्धिकता का विस्तार भी।

(च) पसोवा एक बड़ा बौद्ध तीर्थ स्थान है।

(छ) 'बिस्कोहर की माटी' का एक प्रमुख पात्र बिसनाथ है।



Visit CollegeDekho

(ज) आज सत्य का कोई एक स्थिर रूप, आकार या पहचान नहीं है जो उसे स्थायी बना सके।

(झ) गाँधीजी प्रतिदिन प्रातःकाल घूमने नहीं जाते थे।

(ञ) लेखक ने 'आरोहण' पाठ में लोगों को पर्यावरण के प्रति सचेत किया है।

(ट) भरत भावुक हृदय से बताते हैं कि राम का उनके प्रति अत्यधिक प्रेमभाव है।

(ठ) 'दूसरा देवदास' कहानी का मुख्य विषय घृणा का प्रतिपादन करता है।

**2.** निम्नलिखित शब्दों में से उपयुक्त शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए (कोई **दस**) : 1×10=10

(सदरमुकाम ; समन्वय ; भक्ति ; प्रलय ; संग्रहालय ; उर्दू ; लोकसेवा ; शारीरिक ; जायसी ; भारतेन्दु ; बाइनोक्यूलर ; अपना मालवा खाऊ-उजाड़ू सभ्यता में)

(क) चढ़कर मेरे जीवन-रथ पर ______ चल रहा अपने पथ पर।

(ख) निराला रामकृष्ण मिशन द्वारा प्रकाशित पत्रिका ______ के संपादक भी रहे हैं।

(ग) व्यास जी की सबसे बड़ी देन इलाहाबाद का विशाल और प्रसिद्ध ______ है।

(घ) ट्यूनिस में ही उन दिनों फ़िलिस्तीनी अस्थायी सरकार का ______ हुआ करता था।



Visit CollegeDekho

(ङ) जिज्ञासु, प्रबुद्ध, सदा श्रद्धामय, इसको ______ को दे दो।

(च) संभव बहुत ______ मेहनत में यकीन नहीं करता था।

(छ) बालक ने सीखा-सिखाया उत्तर दिया कि मैं यावज्जन्म ______ करूँगा।

(ज) आधुनिक हिन्दी-साहित्य में ______ जी के नाटक शुक्ल जी के पिताजी को बहुत प्रिय थे।

(झ) ______ सूफी प्रेममार्गी शाखा के सर्वश्रेष्ठ कवि माने जाते हैं।

(ञ) शेखर अपने ______ से पहाड़ों और घाटियों को देखने में रमा हुआ था।

(ट) प्रेमचंद ने अपने लेखन की शुरुआत पहले ______ में नवाबराय के नाम से की थी।

(ठ) ______ पाठ में पर्यावरण सम्बन्धी चिंता जतायी गयी है।

**3.** सबसे सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए (कोई **दस**) : 1×10=10

(क) ''पथिक उनींदी श्रुति में किसने यह विहाग की तान उठाई।'' यह किस कविता की पंक्ति है?

*(i)* गीत गाने दो मुझे

*(ii)* यह दीप अकेला

*(iii)* देवसेना का गीत

*(iv)* सत्य



Visit CollegeDekho

(ख) 'मास्टर साठे और मूता' कौन थे?

*(i)* इंजीनियर

*(ii)* शिक्षक

*(iii)* डॉक्टर

*(iv)* वकील

(ग) 'पद्मावत' किसकी रचना है?

*(i)* मलिक मुहम्मद 'जायसी'

*(ii)* कबीरदास

*(iii)* तुलसीदास

*(iv)* सूरदास

(घ) वैदिक काल के हिन्दू क्या छुआकर स्वयं पत्नीवरण करते थे?

*(i)* लोहा

*(ii)* लकड़ी

*(iii)* ढेले

*(iv)* पानी



Visit CollegeDekho

(ङ) 'भरत-राम का प्रेम' नामक प्रसंग तुलसीदास के किस ग्रंथ से उद्‌धृत है?

*(i)* विनयपत्रिका

*(ii)* गीतावली

*(iii)* रामचरितमानस

*(iv)* कवितावली

(च) पंडित नेहरू का उल्लेख किस पाठ में हुआ है?

*(i)* कच्चा चिट्ठा

*(ii)* दूसरा देवदास

*(iii)* प्रेमघन की छाया-स्मृति

*(iv)* गाँधी, नेहरू और यास्सेर अराफात

(छ) हिन्दी के प्रसिद्ध समाचार साप्ताहिक 'दिनमान' के संस्थापक संपादक कौन थे?

*(i)* अज्ञेय

*(ii)* भारतेन्दु हरिश्चंद्र

*(iii)* भीष्म साहनी

*(iv)* प्रभाष जोशी



Visit CollegeDekho

(ज) ''ऐसे कैसे दोस्त हैं तुम्हारे, तुम्हें उनका नाम भी नहीं पता?'' यह कथन किसका है?

*(i)* संभव का

*(ii)* नानी का

*(iii)* पारो का

*(iv)* मन्नू का

(झ) ''यह फूस की राख न थी, उसकी अभिलाषाओं की राख थी।'' यह कथन किसके संबंध में कहा गया है?

*(i)* जगधर

*(ii)* सूरदास

*(iii)* भैरों

*(iv)* सुभागी

(ञ) कार्बन डाइऑक्साइड जैसी गैसें सबसे ज्यादा किस देश से निकलती हैं?

*(i)* भारत

*(ii)* चीन

*(iii)* फ्रांस

*(iv)* अमेरिका



Visit CollegeDekho

(ट) बड़े गुलाम अली खाँ की चर्चा किस पाठ में हुई है?

*(i)* सूरदास की झोंपड़ी

*(ii)* बिस्कोहर की माटी

*(iii)* अपना मालवा खाऊ-उजाड़ू सभ्यता में

*(iv)* आरोहण

(ठ) ''इन पहाड़ों में मेरे पुरखों, मेरे प्यारों की आत्मा भटकती रहती है।'' यह कथन किसका है?

*(i)* महीप

*(ii)* शेखर

*(iii)* रूपसिंह

*(iv)* भूपसिंह

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर *एक-एक* वाक्य में दीजिए (कोई **दस**) : 1×10=10

(क) 'रामचरितमानस' किस भाषा में रचित है?

(ख) उपाध्याय बद्रीनारायण चौधरी 'प्रेमघन' के व्यक्तित्व की एक विशेषता लिखिए।

(ग) युधिष्ठिर कौन थे?

(घ) 'यह दीप अकेला' कविता में 'दीप' किसका प्रतीक है?



Visit CollegeDekho

(ङ) पुरइन किसे कहते हैं?

(च) व्यास जी ने अपने संग्रहालय का अभिभावक किसे बनाया था?

(छ) 'बारहमासा' नामक प्रसंग में किसके विरह का वर्णन किया गया है?

(ज) भैरों ने सूरदास की झोंपड़ी क्यों जलायी?

(झ) पुजारी ने लड़की के 'हम' को युगल अर्थ में लेकर क्या आशीर्वाद दिया था?

(ञ) वैदिक काल में हिन्दुओं में कैसी लॉटरी चलती थी?

(ट) यास्सेर अराफात किस देश के नेता थे?

(ठ) पत्थर के विभिन्न प्रकारों के नाम लिखिए।

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर *दो-दो* वाक्यों में दीजिए (कोई **पाँच**) : $2 \times 5 = 10$

(क) रस किसे कहते हैं?

(ख) उपमा अलंकार को परिभाषित कीजिए।

(ग) अभिधा शब्दशक्ति की परिभाषा दीजिए।

(घ) हास्य रस की परिभाषा दीजिए।

(ङ) श्लेष अलंकार का एक उदाहरण दीजिए।

(च) शब्दशक्ति के कितने भेद हैं? उनके नाम लिखिए।

(छ) निम्नलिखित रसों का स्थायीभाव लिखिए :

*(i)* श्रृंगार रस

*(ii)* वीर रस



Visit CollegeDekho

## ( PART : B—DESCRIPTIVE )

( *Marks* : 50 )

**6.** निम्नलिखित पद्यों/अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 7×2=14

(क) भर गया है ज़हर से
संसार जैसे हार खाकर,
देखते हैं लोग लोगों को,
सही परिचय न पाकर,
बुझ गई है लौ पृथा की,
जल उठो फिर सींचने को।

**अथवा**

यह मधु है—स्वयं काल की मौना का युग-संचय,
यह गोरस-जीवन-कामधेनु का अमृत-पूत पय,
यह अंकुर-फोड़ धरा को रवि को तकता निर्भय,
यह प्रकृत, स्वयंभू, ब्रह्म, अयुतः इसको भी शक्ति को दे दो।

(ख) उन सबने बालक की प्रवृत्तियों का गला घोंटने में कुछ उठा नहीं रखा था। पर बालक बच गया। उसके बचने की आशा है क्योंकि वह 'लड्डू' की पुकार जीवित वृक्ष के हरे पत्तों का मधुर मर्मर था, मरे काठ की अलमारी की सिर दुखाने वाली खड़खड़ाहट नहीं।

**अथवा**

मैं साथ चलने लगा। गाँधी जी के साथ चलने वाले लोगों में से मैंने दो-एक को पहचान लिया। डॉ० सुशीला नय्यर थीं और गाँधी जी के निजी सचिव महादेव देसाई थे। मैं कभी आसपास देखता, कभी नज़र नीची किए जमीन की ओर, गाँधी जी की धूलभरी चप्पलों की ओर देखने लगता। मैं गाँधी जी से बात करना चाहता था पर समझ में ही नहीं आ रहा था कि क्या कहूँ।



Visit CollegeDekho

**7.** 'गीत गाने दो मुझे' नामक कविता का प्रतिपाद्य लिखिए। 9

**अथवा**

'सत्य' कविता में निहित भावों को स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

अगहन मास की विशेषता बताते हुए विरहिणी की व्यथा-कथा का चित्रण अपने शब्दों में कीजिए।

**8.** 'प्रेमघन की छाया-स्मृति' पाठ में अभिव्यक्त विचारों को स्पष्ट कीजिए। 9

**अथवा**

'ढेले चुन लो' पाठ का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

लेखक का नेहरू जी के साथ व्यतीत किए गए क्षणों का अनुभव अपने शब्दों में लिखिए।

**9.** 'सूरदास की झोंपड़ी' पाठ के आधार पर सूरदास का चरित्र-चित्रण कीजिए। 8

**अथवा**

'आरोहण' पाठ के आधार पर पर्वतारोहण की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

'अपना मालवा खाऊ-उजाड़ू सभ्यता में' पाठ में निहित विचारों को स्पष्ट कीजिए।



Visit CollegeDekho

**10.** निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग *200* शब्दों में निबंध लिखिए : 10

(क) इंटरनेट : लाभ और हानि

(ख) मेघालय में हिन्दी की स्थिति

(ग) आज की भारतीय नारी

(घ) दहेज प्रथा : एक अभिशाप

(ङ) बेरोजगारी की समस्या

★★★



Visit CollegeDekho